# जानलेवा हमला करने वाली कार अब भी लापता

**खास बातें**

- पुलिस ने एक कार को किया जब्त
- जांच के लिए एसआईटी बनाई, दो टीआई को दी जांच
- पार्षद बोले-किसी बेगुनाह को पकड़ा तो करेंगे सीएम और मानव अधिकार आयोग से शिकायत



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 15 जुलाई,** नगर पालिका में चल रही पार्षदों की खींचतान के बीच चौंकाने वाला मामले सामने आया था जब दो पार्षदों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था, दोनों पार्षदों का इलाज प्रायवेट नर्सिंग होम मे चल रहा है, जिनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं. इसी बीच कोतवाली पुलिस ने एक कार को जब्त किया है जो कोतवाली में खड़ी जिसके बारे में पुलिस जानकारी देने से बच रही है. निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है. जिसके बाद एसपी ने जांच के लिए एसआईटी बना दी है जिसमें दोनों थानों के टीआई को शामिल किया गया है.शनिवार रविवार की दरमियान रात करीब 2 बजे मंडी लड्डा एजेंसी रोड पर वार्ड 23 पार्षद जमुना कुशवाह और वार्ड 24 पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी है जिसमें दोनों पार्षद गंभीर रूप से घायल हो गए थे जहां जमुना कुशवाह के पैर में तीन फेक्चर आए हैं वहीं धर्मेंद्र सक्सेना को आईसीयू में भर्ती किया गया है. कोतवाली पुलिस ने राहतगढ़ के पास से एक कार को जब्त किया है जिसे कोतवाली में रखा गया. इस कार को लेकर यह चर्चा चल रही है की पार्षदों को इसी कार ने टक्कर मारी है. लेकिन अधिकांश लोगों का कहना है कि यह कार टक्कर मारने वाली कार नहीं है. क्योंकि जो कार पुलिस ने बरामद की है उसमें कोई डैमेज नहीं है.जबकि टक्कर मारने वाली कार की स्पीड काफी तेज थी और टक्कर के बाद कार में भी डैमेज आया होगा.

## दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर कायस्थ समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

13 जुलाई की रात को नगर पालिका की दो महिला पार्षद के प्रतिनिधि को रात के समय एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मारदी. जिससे दोनों पार्षद प्रतिनिधि घायल हो गए हैं, तभी से दोनों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है. जिस कार ने टक्कर मारकर पार्षद प्रतिनिधियों को घायल कर दिया,उस कार को पुलिस अबतक पकड़ नहीं पाई है. मंगलवार को कायस्थ समाज के लोगों ने भी पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी को एक ज्ञापन दिया. जिसमें समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 13 जुलाई को वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और धर्मेन्द्र सक्सेना को एक कार ने टक्कर मार दी,जिससे दोनों घायल हो गए है. हमारी मांग है कि जल्द से जल्द उक्त कार चालक को गिरफ्तार कर उस पर कटोर कार्रवाई की जाए. ज्ञापन देते समय राजेश जैन, कायस्थ समाज के उपाध्यक्ष राममोहन श्रीवास्तव सहित समाज के कई लोग मौजूद थे.

## पुलिस की जांच पर घायलों ने भी दागे सवाल

बताया गया कि कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कोतवाली जहां के टीआई घायल पार्षदों के बयान लेने अस्पताल भी पहुंचे और पूछा की किसी पर शक है जिस घायल एक पार्षद ने किसी नेता पर शक जाहिर किया है. इसी दौरान यह बात भी सामने आया कि पुलिस ने जो कार बरामद की है उसकी फोटो और जानकारी घायल पार्षदों की दिखाई जिस पर पार्षदों ने इंकार कर दिया कि यह कार नहीं है जिसने टक्कर मारी है. कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस मामले निष्पक्ष जांच नहीं कर रही है. साथ ही घायल पार्षदों ने कहा कि यदि पुलिस मामले की सही से जांच नहीं कर रही है. इसकी शिकायत सीएम और मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो से करने की तैयारी की जा चुकी है.इस मामले में कोतवाली टीआई आंनद राज से जानकारी के लिए फोन लगाया तो उन्होंने रिसीव नहीं किया.

### जांच की जा रही है, टक्कर मारने वालों को तलाश रहे हैं

सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है जिसमें दोनों टीआई शामिल हैं. टक्कर मारने वाली कार और चालक को तलाश किया जा रहा है.

# मदागन के जंगल में मिली लाश, इलाके में दहशत

**70 साल के बुजुर्ग और 18 साल के युवा की लाश मिली, जांच में जुटी पुलिस**



**नवभारत न्यूज**

**लटेरी 15 जुलाई, लटेरी इलाके के जंगल में दो लाश मिलने से सनसनी फैल गई, जहां 70 साल के बुजूर्ग और 18 साल के युवा की लाश मिलने की जानकारी लगने पर पुलिस और एफएसएल की टीम जांच करने पहुंची है, पुलिस शम का पीएम करा रही है ताकि मौत के कारण स्पष्ट हो सकें.**

पुलिस हर एंगल को ध्यान में रख कर जांच कर रही है. पहली घटना लटेरी नगर के निवासी 70 वर्षीय छीतरलाल अहिरवार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे अपने घर से बड़ी मदागन की कहकर निकले थे, जिसके बाद से वह लापता थे. मंगलवार 15 जुलाई को महावन के जंगल में उनके शव के अवशेष मिले हैं. सूत्रों के अनुसार, छीतरलाल के कपड़े घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत किसी जंगली जानवर के हमले में हुई हो सकती है. क्यों कि पास में ही तेंदुए जैसे जानवर के पंजों के निशान भी मिले हैं. वहीं दूसरी घटना लटेरी के ही सोजनाखेड़ी रोड के पास जंगल में 18 वर्षीय युवक संजू लोधी पिता ओंकार लोधी, निवासी मधुसूदनगढ़ का शव मिला है. संजू 12 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे घर से खामखेड़ा मंदिर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वह भी वापस नहीं लौटा. मंगलवार को उसका शव जंगल में मिला और शव के थोड़ी दूरी पर मृतक की बाइक भी मिली है. दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है और एफएसएल टीम भी मौके पर मौजूद है.

# चोरी की बाइक से आकर की लूट, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

विदिशा,फरियादी केशव कुशवाह निवासी रंगई, विदिशा अपने मौसेरे भाई के साथ स्कूटी से बासौदा से विदिशा लौट रहे थे, तभी रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने स्कूटी रोकने की कोशिश की. स्कूटी न रोकने पर आरोपियों ने फरियादी को डंडे से मारकर घायल कर दिया और स्कूटी व 500 लेकर भाग गए. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गुलाबगंज में मामला दर्ज किया गया. तकनीकी और गोपनीय सूचना तंत्र का उपयोग करते हुए आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तु अहिरवार को ग्राम घटेरा थाना त्योंदा से और आरोपी फरहान खान को भोपाल से गिरफ्तार किया गया. लूटी गई स्कूटीको बरामद कर लिया गया. वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक को बरामद कर लिया है यह बाइक चोरी की बताई जा रही है.

**एक नजर में**

## सत्कर्मों से जोड़ने वाला सद्गुरु ही ईश्वर से मिला सकता-जगदगुरु डॉ वेदांती

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** जीवन में सत्कर्मों से जोड़ने वाला सदगुरु ही हमें ईश्वर से मिला सकता है.हमारे जीवन में जब सत्कर्म जुड़ेंगे तो हमारा चित, चरित्र निर्मल होगा और हम ईश्वर की भक्ति पाने के अधिकारी बन जाएंगे.यह तभी संभव है जब हम सदगुरु द्वारा बताए गए मार्ग, उपदेशों पर चलकर उनका जीवन में अनुसरण करें. गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हमें भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा की याद दिलाता है, जिसमें गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है. यह बात जीवाजीपुर स्थित बाबा जगनाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवचन श्रृंखला में जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी ने व्यक्त किए.

## पेट्रोल पम्प की जांच

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अशुंल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में जिले के पेट्रोल पम्पो का औचक निरीक्षण खाद्य विभाग और नापतौल विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा हैं. जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि निर्देशानुसार विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती मीना सोनी और नापतौल निरीक्षक के द्वारा मंगलवार को नटेरन में स्थित मां आटो सर्विस पेट्रोल पम्प की जांच पडताल की गई है.जिसमें मुख्य रूप से उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले पेट्रोल के नापजौख हेतु निर्धारित पैमानो के आधार पर परीक्षण किया गया हैं.

# जिस घर में शराब का होगा सेवन, उस घर में कलयुग का प्रभाव-विधायक मीणा

**नवभारत न्यूज**

**शमशाबाद, पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकाल कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया.इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों व आमजन को नशे से होने वाले दुष्परिणामों स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई.**

विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कहा कि जो लोग नशे का सेवन करेंगे वहीं कलयुग का ज्यादा प्रभाव होगा. उस घर परिवार का बर्बाद होना.सामाजिक प्रतिष्ठा का नुकसान नशा के कारण होता है. हम स्वयं नशा से दूर रहे एवं जो नई पीढ़ी है अपने बच्चों पर बारीकी से ध्यान रखे कहीं वह किसी तरह के नशा संबंधी कार्यो में तो सलग्न तो नहीं है.जागरूकता होने की बहुत आवश्यकता है.एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने कहा कि नशा के खिलाफ समाज के हर वर्ग को आगे आकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी व दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिये प्रेरित करना होगा.इस अवसर पर तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार,सीएमओ अनिल विदुआ, नायब तहसीलदार दर्शन लाल नेगी, एसआई प्रकाश भिलाला,व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, समाजसेवी भैरो सिंह गुर्जर,मनोज साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़, भाजपा नेता शैलेन्द्र ठाकुर, दीपक यादव, डॉ सतीश दुबे, दीपक मेहर, मनमोहन साहू, गुड्डू खान,गणेश खटीक आदि मौजूद थे.

# एक के बाद एक मंडलों की कार्यकारिणी हो रहीं घोषित

**चल रहा बैठकों का दौर**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक के बाद एक मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की जा रही हैं तथा संगठनों को मजबूती प्रदान करने के लिये इन मंडलों में बैठकों का दौर भी चल रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को ढोलखेड़ी मंडल की कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत मंडल के पदाधिकारीगण एवं मंडल के कार्यसमिति की प्रथम बैठक प्रेम श्री मैरिज गार्डन में संपन्न हुई.बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रजलन कर विदिशा विधायक मुकेश टंडन और वरिष्ठ नेता गण ने किया. विधायक मुकेश टंडन ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा हम सबको भारतीय जनता पार्टी एवं संगठन के अनुशासन के साथ संगठन के आदेश अनुसार कार्य करना है.बैठक में मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे, जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी , बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता भुजबल सिंह राणा,वरिष्ठ नेता भारत सिंह दांगी,नरेंद्र रघुवंशी रणवीर सिंह सेठू बना एवं मंडल के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन भाजपा ढोल खेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल के महामंत्री चेतन चौहान ने किया.



# विधायक ने होमगार्ड लाइन में किया पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक मुकेश टंडन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कालापाठा स्थित होमगार्ड लाइन परिसर में पौधारोपण किया. इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे जैसे सागौन, नीम, आंवला, शीशम, अमरूद,जामुन, कटहल रोपे तथा सभी उपस्थितों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया.होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन ने बताया कि विभाग द्वारा नियमित रूप से पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, और परिसर को हरित बनाए रखने का संकल्प लिया गया है. सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों ने मिलकर 200 से अधिक पौधे लगाए हैं.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित




www.vikaspachori.in



**|| जाहिर सूचना ||**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के स्वामित्च व आधिपत्य की ग्राम मदनखेडा स्थित सर्वे क्रमांक 11 रक्वा 0.837 हे. सर्वे क्र. 12/1 रक्वा 0.330 है. तथा कस्वा विदिशा की सर्वे क्र. 335/2671 रक्वा 3.167 सर्वे क्र. 372/1 रक्वा 0.262 है. सर्वे क्र. 354 रक्वा 4,104 हे. सर्वे क. 371 रक्वा 3.936 है. भूमि स्थित है उक्त ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विठठलदास जी माहेश्वरी द्वारा मुझे अधिकृत कर निर्देशित किया है कि में निम्नानुसार प्रकाशन कराऊ अतः अपने पक्षकार के निर्देशन पर निम्नानुसार प्रकाशित कराया जाता है कि मेरा पक्षकार ट्रस्ट के द्वारा निर्मित मंदिर एंव गौशाला को चलाने हेतु वृद्धाश्रम बनाना चाहता है जिसके वावत ट्रस्ट के पास पर्याप्त धनराशि नहीं है इस कारण ट्रस्टीगण ने उक्त वर्णित भूमि के वावत यह निश्चय किया है कि उक्त वर्णित भूमि को विक्रय कर उक्त ट्रस्ट की आवश्यकता को पूर्ण कर लिया जायें इस प्रकार मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि को अतिशीघ्रता में विक्रय करने चाहता है यदि किसी व्यक्ति को उक्त भूमि क्रय करना हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के पश्चात मेरे पक्षकार तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विठठलदास जी माहेश्वरी के मोबाईल नं. 9111110538 पर संपर्क कर सकते है यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि कृप्या वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें।

अतः सूचित हो। दिनांक 15.07.25

**भवदीयः मयूरी गर्ग (एडवोकेट) विदिशा**









